# पाइपलाइन विस्तार कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

## वार्ड 8 में पाइपलाइन विस्तार कार्य का पार्षद ने किया निरीक्षण , वार्ड वासियों की समस्याओं का मौके पर ही हुआ तुरंत निराकरण



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा/जुन्नारदेव, 21 अगस्त, वार्ड नंबर 8 में बिछाई जा रही नई पानी की पाइपलाइन के विस्तार कार्य का स्थानीय पार्षद प्रमोद बंदेवार, ने शुक्रवार को औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्य की प्रगति का जायजा लेने के साथ ही मौके पर मौजूद वार्डवासियों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। वार्डवासियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए पार्षद प्रमोद, बंदेवार ने कई शिकायतों का मौके पर ही तत्काल निराकरण करवाया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और ठेकेदार को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य के दौरान आम नागरिकों को किसी भी प्रकार की परेशानी या असुविधा न हो।**

निरीक्षण के दौरान पार्षद प्रमोद बंदेवार, ने ठेकेदार को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि पाइपलाइन विस्तार का कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाए। साथ ही सड़क एवं आवागमन को लेकर विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए। पार्षद ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़क का कंक्रीटीकरण पूरी गुणवत्ता के साथ तत्काल कराया जाए, ताकि भविष्य में सड़क खराब होने अथवा लोगों के आवागमन में परेशानी की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने ठेकेदार को चेतावनी देते हुए कहा कि विकास कार्यों में किसी भी स्तर की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि वार्डवासियों की सुविधा, सुरक्षा और संतुष्टि सर्वोच्च प्राथमिकता है। निर्माण कार्य में गुणवत्ता और पारदर्शिता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। वार्ड की महिलाओं और बुजुर्गों ने भी इस अवसर पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे, सीएमओ नेहा धुर्वे, और अपने कर्मठ लोकप्रिय पार्षद प्रमोद बंदेवार की सराहना की। वार्ड वासियों का कहना है कि पूर्व में कई बार गुहार लगाने के बाद भी इस गंभीर समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया था, लेकिन वर्तमान नेतृत्व ने जनता के दर्द को समझा और मौके पर ही समस्याओं का तुरंत निराकरण कर पाइपलाइन बिछाने का काम युद्ध स्तर पर शुरू कराया। नागरिकों ने उम्मीद जताई है कि इस पाइपलाइन के चालू होने से आने वाले कई दशकों तक वार्ड में पानी का संकट पूरी तरह समाप्त हो जाएगा। निरीक्षण के दौरान वार्ड नं 12 के पार्षद राजेंद्र सूर्यवंशी भी उपस्थित रहे इनके अलावा वार्ड के मातृशक्ति गणमान्य नागरिकों सहित बड़ी संख्या में मोहल्लावासी मौजूद रहे।



## सावन के पावन माह में धूमा में निकलेगी भव्य कावड यात्रा

**धूमा।** सावन के पावन महीने में बटेश्वर महादेव मंदिर, कहानी रोड धूमा के तत्वावधान में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य कावड यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन कावड यात्रा के चौथे वर्ष में प्रवेश कर रहा है, जिसे लेकर श्रद्धालुओं एवं शिवभक्तों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। आयोजन के तहत 23 अगस्त रविवार को प्रातः लगभग 6 बजे बटेश्वर महादेव मंदिर, कहानी रोड धूमा में विधिवत पूजन-अर्चन किया जाएगा। इसके पश्चात लगभग 100 कावड़िए धूमा नगर के विभिन्न मंदिरों में पूजन-अर्चन करते हुए वाहनों से बरगी-सालीवाड़ा घाट के लिए रवाना होंगे। प्रातः लगभग 8 बजे सालीवाड़ा घाट, बरगी पहुंचकर मां नर्मदा का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया जाएगा। इसके बाद कावड़िए मां नर्मदा का पवित्र जल कांवड़ में लेकर बटेश्वर महादेव मंदिर धूमा के लिए पैदल यात्रा प्रारंभ करेंगे।

# विश्व वरिष्ठ नागरिक के उपलक्ष्य पर आयोजित किया गया शिविर




**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा/जुन्नारदेव, 21 अगस्त,** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस 21 अगस्त को मनाये जाने वाले वरिष्ठ नागरिक दिवस के उपलक्ष्य में ग्रामीण क्षेत्रों के हेतु जागरूकता अभियान आयोजित किये जाने के निर्देश प्राप्त हुये थे जिसके अंतर्गत माननीय सुषांत हुड्डा प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जी के निर्देशन में एवं श्रीमान राकेश सिंह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जी के मार्गदर्शन में तथा श्रीमान् महेन्द्र मांगोदिया, जिला न्यायाधीष एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति जुन्नारदेव जी के कुषल नेतृत्व में दिनांक 21 अगस्त 2026 को कार्यालय तहसील विधिक सेवा समिति जुन्नारदेव द्वारा जनपद पंचायत जुन्नारदेव के सभा कक्ष में वरिष्ठ नागरिको को अधिक से अधिक विधि की जानकारी देने उनके विधिक अधिकारों का बोध कराने हेतु विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कराया गया उक्त आयोजित षिविर को श्रीमति पूजा सिंह मौर्य एवं अधिवक्ता दिलीप श्रीवास्तव द्वारा संबोधन किया गया। कार्यक्रम में न्यायाधीष श्रीमति पूजा सिंह मौर्य द्वारा अनेक कानूनो से वरिष्ठ नागरिक पुरूषों एव महिलाओं को अवगत कराया साथ ही षिविर में उपस्थित ग्राम पंचायत सरपंच एवं अन्य ग्रामीणजनों से भी विषेष चर्चा की गई जिसमें उनके समस्त ग्रामीणजनों द्वारा विधि के संबंध में पूछे गये सवालो का उत्तर दिया गया। कार्यक्रम पश्चात मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रष्मि चौहान द्वारा आभार व्यक्त किया गया। उक्त कार्यक्रम में ब्लाक जुन्नारदेव के समस्त ग्राम पंचायतो के सरपंच, पैरालीगल वॉलेंटियर कमलेष टेकाम इत्यादि ग्रामीणजनो की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

## एक नजर में

### बाइक से गिरकर बालक हुआ चोटिल जिला अस्पताल रेफर



**छपारा।** नगर से 6 किलोमीटर दूर विकास खंड के ग्राम बर्रा में 21 अगस्त को दोपहर लगभग 2 बजे बाइक सवार एक बालक गिर कर बुरी तरह से घायल हो गया जिसे घटनास्थल से पहले नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद पैर में आई गंभीर चोट के चलते बालक को जिला चिकित्सालय सिवनी रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को दोपहर बर्रा ग्राम पर नगर की ओर जाते हुए सड़क पर अचानक बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई जिसमें सवार पियूष राजपूत 14 वर्षीय बालक बुरी तरह घायल हो गया इस दुर्घटना में बालक का चौटिल हुए पैर से रक्तस्राव भी हो गया।

### वीर वटकेश्वर महादेव मंदिर का प्रथम पाटोत्सव 23 अगस्त को



**सिवनी।** बारापत्थर स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, समता नगर के प्राचीन वट वृक्ष के नीचे स्थापित वीर वटकेश्वर महादेव मंदिर का प्रथम पाटोत्सव 23 अगस्त रविवार को श्रावण शुक्ल पक्ष पुत्रदा एकादशी के अवसर पर मनाया जाएगा। मंदिर के पुजारी पं. मोहन पांडे ने बताया कि इस अवसर पर शिव परिवार का विशेष अभिषेक, पूजन-अर्चन एवं श्रृंगार किया जाएगा। आयोजन आचार्य पं. राजेंद्र पांडे के आचार्यत्व में संपन्न होगा तथा पूजन के बाद महाप्रसाद वितरण किया जाएगा। मंदिर की स्थापना फ्रीलांसर जर्नलिस्ट जितेन्द्र सिंह ने अपने स्वर्गीय पिता चंद्रभान सिंह एवं माता तारा देवी की स्मृति में कराई थी। यहां भगवान शिव, माता पार्वती, कार्तिकेय, गणेश, नंदी एवं कीर्तिमुख की प्रतिमाओं के साथ सवा क्विंटल वजनी त्रिशूल स्थापित है। प्राण प्रतिष्ठा में पं. अजय शास्त्री, पं. मोहन पांडे एवं पं. शुभम तिवारी का सहयोग रहा। यजमान परिवार जितेन्द्र सिंह, धर्मपत्नी राजेश्वरी सिंह (वर्षा), पुत्र वीर सिंह एवं पुत्री अवीरा सिंह ने श्रद्धालुओं से सपरिवार कार्यक्रम में शामिल होकर दर्शन एवं पुण्यलाभ अर्जित करने का आग्रह किया है।

# सांसद पहुंचे शोक संतृप्त परिवारों से की भेंट बंधाया ढांढस



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा/जुन्नारदेव, 21 अगस्त,** छिंदवाड़ा-पांढुर्णा जिले के सांसद विवेक बंटी साहू अपने रूटीन दौरे कार्यक्रम में जुन्नारदेव नगर के जनप्रतिनिधि एवं भाजपा नेताओं से मुलाकात की साथ प्रमुख रूप से भाजपा कार्यकर्ताओं दिवंगत परिवार के सचिन मालवीय के पिताजी, मयंक साहू की माताजी और राहुल अमूले की माताजी का देहांत बीते दिनों हो गया था, सांसद महोदय द्वारा शोक संतप्त परिवारों से मिलकर सांत्वना देकर कहा कि मेरे लायक कोई भी सेवा हो तो मुझे अवगत कराए। इस दौरान सांसद के साथ नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे, भाजपा नेता विष्णु प्रसाद शर्मा, भाजपा मंडल महामंत्री सपना पाल, सभापति अपील समिति सदस्य एवं पार्षद संजय जैन सहित भाजपा के स्थानीय पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

# विधायक रजनीश सिंह निकालेंगे विशाल कांवड़ यात्रा

**सावन के आखिरी सोमवार को निकलने वाली कांवड़ यात्रा को लेकर तैयारियां तेज**



**छपारा नवभारत।** सावन माह अब अपने अंतिम दौर पर चल रहा है, इसी माह हर वर्ष भगवान भोले नाथ की भक्ति की जाती हैं जिसमें शिव अभिषेक से लेकर पतित पावन बैनगंगा नदी से जल भरकर कांवड़ यात्रा कर भगवान शिव का जलाभिषेक किया जा रहा है।

इसी तारतम्य में हर साल की तरह इस वर्ष भी सावन के आखिरी सोमवार 24 अगस्त को केवलारी के कांग्रेस विधायक ठाकुर रजनीश सिंह के नेतृत्व में विशाल कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी। उक्त यात्रा मां बैनगंगा के पावन तट सिद्ध बाबा घाट, छपारा से प्रारंभ होकर दिघोरी धाम में स्थित विशाल स्फटिक के शिव लिंग का अभिषेक कर यात्रा संपन्न की जाएगी।

उक्त कांवड़ यात्रा की तैयारियों और व्यवस्थाओं को लेकर विधायक के गृह ग्राम बर्रा में शुक्रवार को क्षेत्र के वरिष्ठजनों एवं साथियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में यात्रा को भव्य और सफल बनाने के लिए व्यवस्थाओं के साथ-साथ सभी के सुझाव एवं सहयोग पर चर्चा की गई।

धार्मिक आस्था और शिवभक्ति से जुड़े इस आयोजन को लेकर क्षेत्र में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के कांवड़ यात्रा में शामिल होने की संभावना है।

# गांव की बेटिया खेलेंगी, राज्य स्तरीय टेनिस

**धारना नवभारत।** फर्स्ट स्टेप हायर सेकेंडरी स्कूल छिंदवाड़ा में शालेय संभागीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन 20 अगस्त को किया गया था, जिसमें सिवनी जिले की ओर से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धारना कला के ग्यारह खिलाड़ियों ने अपनी हिस्सेदारी सुनिश्चित की थी, बालक वर्ग के में सभी वर्गों में कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली, जिसमें विवेक मेश्राम, सौरभ धुर्वे, निशांत ठाकुर व ध्रुव बोपचे ने अच्छा प्रदर्शन किया पर वह क्वार्टर फाइनल के आगे नहीं पहुंच सके, वहीं सीनियर बालक वर्ग में प्रिंस भातखुरे व यश ठाकरे ने शानदार प्रदर्शन करके सिवनी जिले को छिंदवाड़ा पर विजय दिलाई ,वहीं बालिका 17 वर्ष में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए सिवनी की टीम फाइनल में जबलपुर को हराने में सफल रही, धारना विद्यालय के प्रिंस भातखुरे ,यश ठाकरे परिधि पटले ,शिवानी मरठे, मोहनी राने व आरुषि आचरे ने प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर राज्य स्तर हेतु अपने चयन को सुनिश्चित किया, ज्ञात हो कि यह सभी खिलाड़ी विद्यालय के खेल शिक्षक संदीप मिश्रा से विद्यालय में ही प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं,अब यह खिलाड़ी देवास में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में संभाग का प्रतिनिधित्व कर धारना का नाम रोशन करेंगे उनकी उनकी उपलब्धि पर प्राचार्य ज्योति श्रीवास्तव द्वारा ट्रॉफी के माध्यम से सम्मानित किया गया, साथ ही शाला परिवार ने अच्छे प्रदर्शन हेतु अग्रिम शुभकामनाएं भी प्रेषित की

# अन्ना भाऊ साठे की मनाई जाएगी जयंती

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 21 अगस्त, छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले के मांग मातंग समाज के बंधुओं को सूचित करते हुये हर्ष हो रहा है कि हर साल की तरह इस वर्ष भी हमारे समाज के महापुरूष जिन्होंने अपने संघर्ष से गरीबी और लाचारी की स्थिति में रहकर समाज को जागृत करने का कार्य अपनी साहित्यिकी लेखनी से समाज को परिवर्तन करने का संदेश देने वाले क्रांति सूर्य साहित्य रत्न अन्नाभाई साठे जिन्होंने पूरे महाराष्ट्र व मध्यप्रदेश में अपने साहित्य की किरणों से समाज को रोशन किया है।**

ऐसे महान साहित्य रत्न लोकशाहिर अन्ना साठे की 106 वीं जयंती का भव्य आयोजन सिंधु पंचायत भवन मोहन नगर छिन्दवाड़ा में 23 अगस्त को समय दोपहर 12 से कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसमें इंदौर, भोपाल, बैतूल, नागपुर, वरूड़, सिवनी, बालाघाट नरसिंहपुर से समाज के वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता एवं प्रदेश स्तरीय पदाधि ाकारी कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दे रहे है। साहित्य रत्न अन्ना भाऊ साठे समिति छिन्दवाड़ा आपसे अपेक्षा करता है कि मातृ शक्ति, युवा शक्ति, वरिष्ठ नागरिक, समाज के सामाजिक कार्यकर्ता व समस्त कलाकार बंधु अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर समाज की एकता, सदभावना, भाईचारा और सेवा भाव से अन्ना भाऊ साठे की जयंती कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने में अपना सहयोग करेंगे। आप सभी का सहयोग समाज का विकास समाज की पहचान बनेगी।

# किसानों के खेत में हाथियों की आमद...



**उगली नवभारत।** उगली क्षेत्रांतर्गत ग्राम पोंडी के कुछ किसानों ने विगत दिवस एक हाथी के खेत में होने की जानकारी दिये, वन विभाग उगली रेंजर शिवभान नागेश्वर से जब इस मैं बारे में बात किये तो पता चला कि पौंड़ी के निकट किसानों के खेत में हाथी आया था, इसके आधार पर हम गत दिवस वहां पर पहुंचे हाथी के पद चिन्ह देखे गए, जिस आधार पर यह कह पाना अभी क्लियर नहीं है,कि ये हाथी जंगली है, या फिर कान्हा और पेंच राष्ट्रीय उद्यान के वन विभाग की रेस्क्यू वाले गस्त के अंतर्गत पालतू हाथी, जिससे वन विभाग के द्वारा सघन वनों में गस्ती करते हैं, फिलहाल वन विभाग का समूचा दल इस घटना के ऊपर जांच कर रहे हैं. फिलहाल किसानों की खेत में हाथियों के पहुंचने से क्षेत्रीय ग्रामीण दहशत में हैं.

**इनका कहना है...**

किसानों के खेत में हाथी के पद चिन्ह को देखकर यह क्लियर हो गया कि यह पगमार्क हाथी के ही है, जिस आधार पर एक हाथी जो पोंडी के निकट बैनगंगा के खेतों से होता हुआ चिखली के बाद संरडी तक इसके पद चिन्ह देखे गए हैं, जिसके आधार पर अभी इस हाथी के दिखाई देने की सूचना नहीं मिली है, बीते तीन-चार वर्ष पूर्व भी इस प्रकार की घटना हुई थी, यह जंगली हाथी भी हो सकता है। क्षेत्रीय लोगों से वन विभाग ने सावधानी बरतने की अपील की है।

**शिवभान नागेश्वर , उगली रेंजर**
**दक्षिण वन सामान्य**

# धर्म यात्रा क्रांति सेना के तत्वावधान में 23 अगस्त को निकलेगी भव्य प्रकट यात्रा

**सिवनी नवभारत।** धर्म एवं सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार तथा धार्मिक आस्था को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से धर्म यात्रा क्रांति सेना द्वारा रविवार 23 अगस्त को भव्य प्रकट यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यात्रा को लेकर आयोजकों एवं श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है। आयोजन में बड़ी संख्या में सनातन धर्म प्रेमियों एवं शिवभक्तों के शामिल होने की संभावना है। आयोजकों के अनुसार भव्य धार्मिक यात्रा रविवार को प्रातः 10 बजे ग्राम लखनवाड़ा स्थित माँ वैण गंगा घाट से प्रारंभ होगी। यहां से श्रद्धालु धर्म ध्वजा एवं धार्मिक जयघोष के साथ यात्रा में शामिल होकर प्राचीन मठ मंदिर तक पहुंचेंगे। यात्रा के दौरान भक्तिमय वातावरण रहेगा तथा श्रद्धालु धार्मिक आस्था के साथ सहभागिता करेंगे। प्रकट यात्रा के माध्यम से सनातन संस्कृति, धार्मिक परंपराओं एवं आध्यात्मिक चेतना का संदेश दिया जाएगा। आयोजन को लेकर क्षेत्र के श्रद्धालुओं द्वारा तैयारियां की जा रही हैं। यात्रा में आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है।

# सिवनी में रक्तदान महाभियान - पटवारी संघ के सदस्यों ने बढ़ाया सेवा का हाथ




**सिवनी न वभारत।** आजादी के अमृत महोत्सव और राष्ट्र सेवा के संकल्प के साथ, जिला प्रशासन सिवनी द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में मध्य प्रदेश पटवारी संघ के सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी दर्ज कराई है। इस नेक कार्य का मुख्य उद्देश्य रक्तदान के माध्यम से जरूरतमंदों को नया जीवन प्रदान करना है। मानवता की सेवा के लिए प्रेरित होकर संघ के कई पदाधिकारियों और सदस्यों ने रक्तदान किया, जिनमें जिला सचिव हिमांशु तिवारी, अनुशासन एवं सलाहकार समिति के सदस्य मुकेश सरयाम, तहसील अध्यक्ष सुबोध दुबे, दिव्यांशु नंदनवार, विपिन मर्सकोले, पवन वस्त्राणे, अभिषेक बांगडे और विलेश भवंर प्रमुख रहे।

मध्य प्रदेश पटवारी संघ, जिला सिवनी के जिलाध्यक्ष श्री सुदेश ठाकुर ने सभी रक्तदाताओं के साहस और निस्वार्थ सेवा भाव की भूरि-भूरि प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक महादान है और प्रशासनिक सेवा के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन करना हम सभी का कर्तव्य है। आपका यह छोटा सा कदम किसी की जिंदगी बदल सकता है।

यह शिविर जिला प्रशासन, सिवनी के तत्वाधान में आयोजित किया जा रहा है। रक्तदान के इच्छुक नागरिक अधिक जानकारी के लिए 70005 82177 या 70890 88171 पर संपर्क कर सकते हैं।

# श्री श्याम मंदिर में 22 अगस्त को भव्य झूला उत्सव एवं भजन संध्या

**सिवनी।** श्री श्याम परिवार समिति, महिला इकाई सिवनी के तत्वावधान में श्री श्याम मंदिर परिसर में 22 अगस्त को दोपहर 3.00 बजे से शाम 7-00 बजे तक भव्य झूला उत्सव आयोजित किया जा रहा है। झूला उत्सव में बच्चों एवं महिलाओं के मनोरंजन के लिए विभिन्न प्रकार के आकर्षक झूले एवं मनोरंजन के साधन लगाए जाएंगे। इनमें विशाल झूला (जायंट व्हील), इन्फ्लेटेबल स्लाइड, ट्रैम्पोलिन तथा छोटे बच्चों के लिए कार राइड विशेष आकर्षण रहेंगे। उत्सव के दौरान श्रद्धालुओं एवं परिवारों के लिए विभिन्न स्वादिष्ट खाद्य एवं पेय पदार्थों के स्टॉल भी लगाए जाएंगे। आयोजन को भक्तिमय एवं आनंदमय बनाने के लिए मधुर संगीत के साथ भजन संध्या का भी आयोजन किया गया है।

-:: न्यायालय नजूल अधिकारी छिंदवाड़ा ::-
::- उद्घोषणा-::
राजस्व प्रकरण क्रमांक135 /अ-6/2025-26
मौजा-छिन्दवाड़ा( शहर नजूल छिन्दवाड़ा)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सायरा बानो पति मो.मजहर निवासी दो नंबर नाका कामठी रोड,शकूर नगर प्लाट नं.288 कावठा मसाड़ा नागपुर महाराष्ट्र की ओर से अधिवक्ता श्री अजय प्रकाश वर्मा द्वारा आवेदन पत्र अंतर्गत धारा-110म.प्र.भू- रा. संहिता के प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है कि मौजा छिन्दवाड़ा स्थित नजूल भूमि ब्लाक नंबर13प्लाट नंबर89/1क्षेत्रफल 1335 वर्गफुट आवेदिका के ससुर हाजी मो.उस्मान के हक व अधिकार की सम्पत्ति रही है। हाजी मो.उस्मान के वारसानों में उनके तीन पुत्र शेख मतीन,मो.मुस्तफा,मो.मजहर थे,जिनमें से शेख मतीन,मो. मुस्तफा की मृत्यु हो चुकी है,जिनकी संतानें अनावेदक क्रमांक-01 से 08 है।उक्त भूखण्ड आवेदिका को उसके ससुर ने स्वेच्छापूर्वक,स्वतंत्र इच्छा से रजिस्टर्ड वसीयतनामा दिनांक20.12.2004 के माध्यम से प्रदान किये थे।मो.उस्मान की दिनांक02.02.2008को मृत्यु हो चुकी है। शेख मुस्तफा ने वसीयतनामा दिनांक 20.12.2004 को शून्य एवं निरस्त घोषित कराने हेतु आवेदिका के विरूद्ध एक व्यवहार वाद क्रमांक 58ए/2011प्रस्तुत किया था,जो द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 1 छिन्दवाड़ा के न्यायालय द्वारा निर्णय व डिक्री दिनांक14.08.2012 के अनुसार निरस्त किया गया है।उक्त निर्णय दिनांक14.08.2012 के विरूद्ध मो.मुस्तफा ने व्यवहार अपील क्रं.39ए/2012 प्रस्तुत किया था जो जिला न्यायाधीश छिन्दवाड़ा के न्यायालय द्वारा पारित निर्णय व डिकी दिनांक 30.04.2015के अनुसार निरस्त की गई है। आवेदिका ने वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया,उक्त रा.प्र.क्र.12/अ-6/20 08-09 दिनांक26.09.2022 को अदम पैरवी में निरस्त कर दिया गया है।अतःउक्त नजूल भूमि नजूल अभिलेखों में आवेदिका का नाम दर्ज किया जावे,जिस हेतु आवेदन पत्र मय आवश्यक दस्तावेजों के प्रस्तुत किया गया है। प्रश्नाधीन नजूल भूमि विवरण वर्तमान नजूल संधारण खसरे में निम्नानुसार दर्ज है :-

| मौजा | ब्लॉक नंबर | प्लॉट नंबर | क्षेत्रफल | भू-धारक का नाम |
|---|---|---|---|---|
| छिन्दवाड़ा (शहर नजूल छिंदवाड़ा) | 13 | 89/1 | 1335 वर्गफुट | शेख उस्मान पिता शेख कासम सा.देह |

उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति या जन सामान्य को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रकरण की नियत पेशी दिनांक 31.08.2026 तक इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक10.08.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा के जारी किया गया।
नियत पेशी दिनांकः-31/08/2026
न्यायालयीन पदमुद्राः-
नजूल अधिकारी
छिंदवाड़ा

**आयोजन** | 28 अगस्त को होगा श्रावणी उपाकर्म, खेल एवं सामूहिक नृत्य कराकर महिलाओं का मनोरंजन किया

# श्रावणी उपाकर्म और हरियाली महोत्सव की तैयारियां तेज



**सिवनी नवभारत।** महिला ब्राह्मण समाज सिवनी द्वारा 18 अगस्त को श्रीमाता मंदिर परशुराम भवन में जिला अध्यक्ष अरविंदजा दुबे की अध्यक्षता में हरियाली महोत्सव-2026 धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ। श्रद्धा मिश्रा ने मंच संचालन किया। महिलाओं के लिए विभिन्न खेल, सामूहिक नृत्य, भजन-गीत एवं सावन के झूले आयोजित किए गए। सुवर्णा मिश्रा ने राधा और पलक शुक्ला ने कृष्ण की भूमिका में नृत्य प्रस्तुत किया। सविता तिवारी ने खेल एवं सामूहिक नृत्य कराकर महिलाओं का मनोरंजन किया। कार्यक्रम के अंत में अरविंदजा दुबे ने पुरस्कार वितरित कर आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मीनाक्षी तिवारी, मालती तिवारी, रागिनी तिवारी, शैल दुबे, मंजू दुबे, दुर्गेश्वरी शर्मा, गीता अवस्थी, नीतू दुबे, मंजू अवस्थी, पूजा तिवारी, प्रतिभा तिवारी, श्रद्धा मिश्रा, अनामिका मिश्रा, रीता मिश्रा, हेमलता मिश्रा, हेमलता तिवारी, श्वेता मिश्रा, राधिका दुबे, सरिता मिश्रा, आरती मिश्रा, किरण पाठक, पूजा उपाध्याय, नीतू मिश्रा, पूनम शर्मा, पूनम मिश्रा, ऊषा शुक्ला, छाया पाठक, वर्षा पाठक, शिवाली दुबे, अलका दुबे एवं पद्मा मिश्रा (गोपालगंज) सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं। जिला ब्राह्मण समाज सिवनी एवं सनातनी ब्रह्मनिष्ठ गुरु परिवार के तत्वावधान में 28 अगस्त शुक्रवार, रक्षाबंधन के दिन प्रातः 9.30 बजे पुण्य सलिला मां बैनगंगा घाट लखनवाड़ा में श्रावणी उपाकर्म पर्व का आयोजन किया जाएगा। यह परंपरा सिवनी में वर्ष 1980 से निरंतर आयोजित की जा रही है। कार्यक्रम में आचार्य पं. सनत कुमार उपाध्याय, मातृधाम प्रभारी धर्मवीर पं. अजित तिवारी एवं पुजारी संघ अध्यक्ष पं. सोनू महाराज की गरिमामय उपस्थिति रहेगी। आयोजन के लिए जिला ब्राह्मण समाज अध्यक्ष पं. दिलीप तिवारी, पूर्व अध्यक्ष पं. ओमप्रकाश तिवारी, जिला संयोजक अजय मिश्रा, पं. प्रशांत तिवारी, नगर अध्यक्ष अशोक तिवारी एवं पुजारी संघ अध्यक्ष पं. सोनू महाराज ने समाजजनों से उपस्थित होने की अपील की है।

**उपस्थिति की अपील**

आयोजन में तीर्थस्नान, पंचगव्य प्राशन, हेमाद्रि संकल्प, दशविध स्नान, सूर्योपस्थान, ऋषिपूजन, नूतन यज्ञोपवीत पूजन एवं धारण, देवर्षि-पितृ तर्पण तथा प्राणायाम सहित विभिन्न धार्मिक विधियां विद्वानों द्वारा संपन्न कराई जाएंगी। जिला ब्राह्मण समाज ने सिवनी सहित नागपुर, जबलपुर, छिंदवाड़ा एवं बालाघाट के विप्रजनों से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

श्रद्धालुओं से अपने साथ आवश्यक जनेऊ, पूजन सामग्री, पंचपात्र, आसन एवं ब्राह्मणोचित वस्त्र लाने का आग्रह किया गया है

# पत्रकार से अभद्रता के मामले में प्रेस क्लब ने खोला मोर्चा

**सिवनी नवभारत।** राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर छपारा के समीप 16 अगस्त को कारों से भरे कंटेनर में लगी आग की कवरेज के दौरान पत्रकार हरीश खान के साथ कथित अभद्रता और मोबाइल छीनने के प्रयास का मामला सामने आया था। घटना को लेकर पत्रकार संगठनों में नाराजगी है। मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रेस क्लब के प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी से मुलाकात कर 9 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा ।ज्ञापन के माध्यम से घटना की निष्पक्ष जांच कराने, पत्रकार से अभद्रता एवं मोबाइल छीनने के आरोपों की जांच कर संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा भविष्य में पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की गई। प्रेस क्लब ने घटना से जुड़े सीसीटीवी फुटेज, घटनास्थल से मिले साक्ष्यों और अन्य तथ्यों की बारीकी से जांच कराने की मांग भी रखी ।इसके साथ ही कंटेनर में लगी आग की फॉरेंसिक जांच कराने तथा बीमा दावे से जुड़े पहलुओं की भी जांच किए जाने की मांग की गई। ज्ञापन में राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर काम करने वाले पुलिसकर्मियों के साथ दुर्व्यवहार करने वालों की पहचान कर नियमानुसार कार्रवाई की मांग भी शामिल रही ।पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी ने प्रेस क्लब प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि ज्ञापन में उल्लेखित सभी बिंदुओं पर निष्पक्षता से जांच कराई जाएगी। घटनास्थल से जुड़े सीसीटीवी फुटेज, घटना के अन्य तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर मामले की वास्तविकता सामने लाई जाएगी तथा दोषी पाए जाने वाले लोगों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।